an>

Title: Need to provide stoppage of Dayodaya Express (Train No. 12181/82) and Jaipur - Indore Express (Train No. 12973/74) at Israda railway station in Sawai Madhopur district, Rajasthan.

श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया (टोंक-सवाई माधोपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र के जिला सवाई माधोपुर में घुश्मेश्वर ज्योतिर्लिंग है। ये 12वां ज्योतिर्लिंग है जो कि जिला सवाई माधोपुर के शिवाड में स्थापित है इसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालु देश के कोने-कोने से आते हैं और श्रावण मास में इसमें श्रद्धालुओं की संख्या काफी बढ़ जाती है। श्रावण मास में बारिश ज्यादा होती है जिससे यहां आने वाले यात्रियों को सड़क के मार्ग से यात्रा करने में काफी परेशानी होती है इसलिए रेल ही एक मात्र यात्रा का साधन है।

मेरी मंत्री जी से मांग है कि ईसरदा स्टेशन पर दयोदय एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12181-82 एवं जयपुर इंदौर एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12973-74 का ठहराव कराया जाए। इससे घुश्मेश्वर ज्योतिर्लिंग की दूरी ढाई कि.मी. है। वर्तमान में सवाई माधोपुर से ईसरदा व ईसरदा से जयुपर तक साढ़े 9 घण्टे तक किसी भी गाड़ी का ठहराव नहीं है। जिससे यहां की लगभग 100 ग्राम पंचायतों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए मंत्री जी से मेरी मांग है कि इन ट्रेनों का ठहराव ईसदरा रेलवे स्टेशन पर जल्द से जल्द कराया जाए जिससे कि श्रद्धालुओं के साथ-साथ आस-पास के ग्रामीणों को भी इसका लाभ मिल सके।